दूरभाष : 05882-253163

राम लुभाई साहनी
राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,पीलीभीत

दिनांक–20.02.2020

राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस
रिपोर्ट

राज्य परियोजना निदेशालय, उ0 प्र.0 के पत्रांक/1584/SPD/RUSA/377/19 दिनांक 14.02.2020 के अनुपालन में महाविद्यालय में "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" समारोह के अनुक्रम में आज दिनांक 20 फरवरी, 2020 को महाविद्यालय में **राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस** हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 नरेश पाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में विभिन्न धर्मों, सम्प्रदाय एवं जाति के लोग निवास करते हैं इसलिए हमारे देश में कई संस्कृतियों की मान्यतायें एवं परम्परायें पाई जाती हैं। जो हमारे देश को श्रेष्ठ एवं महान बनाती हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में 36 राज्य एवं केन्द्र शासित क्षेत्र है, जिनमें विभिन्न भाषाएँ एवं बोलियाँ प्रयोग की जाती हैं। जो भारत की अनेकता में एकता की संस्कृति को फलीभूत करती है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से हमें एक–दूसरे को जानने एवं समझने का अवसर प्राप्त होता है।
इस अवसर पर छात्राओं ने मातृभाषा हिन्दी में प्रकाशित विभिन्न लेखकों एवं कवियों की पुस्तकों का पाठ्न किया तथा एक समूह परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। समूह परिचर्चा में काजल गंगवार, दीक्षा तिवारी, तुलसी गुप्ता, मुस्कान, रिया, नाजरीन, शिफा आदि छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 माजिद हुसैन ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के जन्तु विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ0 दिनेश चन्द्रा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी, श्री विश्राम सिंह, श्री जाकिर हुसैन एवं श्री दीपक विश्वास व श्री राजेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

प्राचार्य
रामलुभाई साहनी
राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
पीलीभीत

Scanned by CamScanner